इरेडा की हितधारकों के साथ बैठक

नई पहलों, भविष्य की योजनाओं को शेयर करने और व्यवसाय भागीदारों की फीडबैक प्राप्त करने के लिए, हितधारकों की बातचीत का 9वां संस्करण 2 अप्रैल 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। इस हितधारकों की बैठक की अध्यक्षता इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी),श्री प्रदीप कुमार दास ने की थी और इसमें सौर, पवन, जल, जैव ऊर्जा और अन्य आरई क्षेत्रों के व्यावसायिक भागीदारों के अलावा कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

यह हितधारकों की बैठक, इरेडा की हाल ही की उपलब्धियों, प्रमुख पहलों, पिछली बातचीत के दौरान प्राप्त सुझावों के निष्पादन और भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आरई क्षेत्र के विकास के लिए भविष्य की योजनाओं के संबंध में एक संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ शुरू हुई।

अपने उद्घाटन संबोधन में, इरेडा के सीएमडी ने कहा कि पिछली बैठकों के दौरान प्राप्त विभिन्न हितधारकों से प्राप्त बहुमूल्य फीडबैक ने इरेडा को 'व्यवसाय करने में आसानी ' में उल्लेखनीय सुधार करने में मदद की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नियमित अंतराल पर ब्याज दरों की समीक्षा करने के अलावा, इरेडा ने आरई बाजार का लाभ उठाने के लिए कई नए वित्तीय उत्पाद और योजनाएं शुरू की है।

श्री दास ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वित्तीय वर्ष 2021-22 इरेडा के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष था क्योंकि इस वर्ष के दौरान ही भारत सरकार द्वारा ₹ 1500 करोड़ का इक्विटी निवेश किया गया था। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में 117% की वृद्धि दर्ज करते हुए 23,921 करोड़ रुपये की सर्वाधिक ऋण स्वीकृति और पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में 82% की वृद्धि दर्ज करते हुए, 16,071 करोड़ रुपए की सर्वाधिक ऋण संवितरण की है । अन्य वित्तीय मेट्रिक्स के संबंध में भी कार्य-निष्पादन में इसी तरह का विकास पैटर्न है। सीएमडी ने श्रोतागणों के साथ यह भी शेयर किया कि इरेडा अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) को लॉन्च करने की ट्रैक पर है।

श्री दास ने आगे कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान हुई यह 9वीं बैठक है जिसका लक्ष्य हितधारकों से इनपुट जमा करके और फिर पूरे सिस्टम में दक्षता और पारदर्शिता में सुधार के लिए ऐसे समस्याओं का निराकरण करते हुए सेक्टोरल समस्याओं को बेहतर तरीके से समझना है।

इस बैठक के दौरान, हितधारकों ने शीघ्र ऋण मंजूरी, दस्तावेजीकरण और संवितरण प्रक्रिया के माध्यम से 'व्यवसाय करने में आसानी' प्रदान करने के लिए और सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी स्वीकृति शर्तें और ब्याज दरें प्रदान करने के लिए इरेडा का आभार व्यक्त किया । इरेडा के कई व्यवसायिक भागीदारों ने उनके ग्राहकों के प्रति सांस्कृतिक परिवर्तन और समग्र दृष्टिकोण अपनाने के लिए इरेडा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस बातचीत के दौरान, इरेडा टीम ने उधारकर्ताओं के प्रश्नों का जवाब भी दिया।